**खबर संक्षेप**

## नवरात्रि पर नन्हीं बालिकाएं माता के नौ रूपों में हुईं विभूषित



**मण्डला।** किडजी प्ले स्कूल सिविल लाइन में नवरात्रि सेलिब्रेशन आयोजित किया गया जिसमें नन्ही बालिकाएं दुर्गा माता के नौ रूपों माँ शैलपुत्री, ब्रम्हचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धीरात्रि में विभूषित हुईं, इस आयोजन में सर्वप्रथम माता की आरती में आराधना स्तुति गीतों से भक्ति की गई,इसके उपरांत माता रूपी नन्ही बालिकाओं की पूजा अर्चना की गई। नन्ही बालिकाओं ने माता के नौ स्वरूपों को प्रस्तुत किया, मातारानी के वेश में सजी नन्ही बालिकाओं के मनमोहक रूप ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, नन्ही बालिकाओं ने अपनी आकर्षक बंगाली डांस मुद्राओं से सभी का मनमोह लिया, इसके साथ ही हर कक्षा से नन्हे बच्चों ने गरबा में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरे माहौल में नवरात्रि की ऊर्जा और उल्लास का संचार हुआ,इस दौरान बच्चों को डांडिया डेकोरेशन भी सिखाया गया, आयोजन हॉल को बहुत सुंदर डेकोरेट किया गया,इस आयोजन में स्कूल प्राचार्या श्रीमति शालिनी शुक्ला एवं एकेडमिक कोओर्डिनेटर श्रीमति राशि पमनानी, डांस टीचर भव्यदीप कछवाहा वं स्कूल प्रबंधन का विशेष सहयोग रहा ।

## बेफिक्र हो रहे विद्यालय शिक्षक, विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित

# मनेरी में शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह

*** पीएम श्री विद्यालय की व्यवस्था आखिर कौन संभालेगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आदिम जाति एवं जनजाति कार्य विभाग मण्डला में एक चिंताजनक स्थिति उत्पन्न हो गई है, सूत्रों की जानकारी अनुसार विकासखंड निवास अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय मनेरी में शिक्षक और प्राचार्य अक्सर विद्यालय नही आते हैं। उनकी नदारती के कारण विद्यार्थियों की शिक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। प्राचार्य बीपी दुबे की लगातार अनुपस्थिति ने न केवल विद्यालय के कार्यप्रणाली को बाधित किया है, बल्कि शिक्षा के मानक को भी गिरा दिया है।

### प्राचार्य की अनुपस्थिति और शिक्षकों की बेफिक्री

मनेरी संकुल के प्रभारी प्राचार्य बीपी दुबे अक्सर विद्यालय से गायब रहते हैं। ना तो वे मनेरी आते हैं और ना ही अपने मूल विद्यालय, हायर सेकेंडरी गडरा में। उनकी अनुपस्थिति का परिणाम यह है कि अन्य शिक्षक भी अनुशासनहीनता का परिचय देते हुए मनमर्जी से छुट्टियां लेते हैं और बाद में उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर देते हैं। ऐसे में, पीएम श्री विद्यालय में उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा का सवाल उठता है।

### पीएम श्री क्रियाकलापों का अभाव-

सरकार द्वारा पीएम श्री विद्यालयों के लिए भेजे गए फंड का उचित उपयोग नहीं हो रहा है। मनेरी में पीएम श्री के तहत अपेक्षित गतिविधियों जैसे स्वच्छ रूम, लाइब्रेरी, काउंसलिंग कक्ष, वोकेशनल लैब, स्पोर्ट्स रूम, और शैक्षणिक भ्रमण का कोई क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि विद्यालय का पीएम श्री बोर्ड भी नहीं लगा है, जिससे स्पष्ट होता है कि विभागीय अधिकारियों की मॉनिटरिंग कितनी लापरवाह है।

### विद्यार्थियों की शिक्षा पर पड़ता असर

प्राचार्य की अनुपस्थिति और विद्यालय के सही निरीक्षण का न होना विद्यार्थियों के लिए एक बड़ा संकट बन गया है। गरीब और मासूम विद्यार्थी शिक्षा की गुणवत्ता से अनभिज्ञ हैं। उनके माता-पिता जो आशा के साथ अपने बच्चों को विद्यालय भेजते हैं, क्या वे जानते हैं कि शिक्षक उनकी उम्मीदों पर कितने खरे उतर रहे हैं? यह सवाल आज की आवश्यकता है। यदि नियमित शिक्षकों का एक दिन का वेतन रोक लिया जाए, तो शिक्षक आंदोलन पर उतर आते हैं, लेकिन क्या उन्होंने कभी यह सोचा है कि वे विद्यार्थियों को किस प्रकार की शिक्षा प्रदान कर रहे हैं?

### कार्यवाही की आवश्यकता

यह स्पष्ट है कि प्राचार्य की नदारती और शिक्षकों की लापरवाही के कारण शिक्षा की गुणवत्ता गिरती जा रही है। विभाग को इस स्थिति का गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए और शिक्षकों तथा अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करनी चाहिए। क्या अब समय नहीं आ गया है कि शिक्षक अपनी उपयोगिता और जिम्मेदारी को समझें? क्या यह उचित नहीं होगा कि विभाग शिक्षकों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करे और उनके कर्तव्यों को सख्ती से लागू करे?

मनेरी संकुल के पीएम श्री विद्यालय में जो स्थिति उत्पन्न हुई है, वह न केवल विद्यार्थियों के भविष्य के लिए चिंता का विषय है, बल्कि यह सरकार की शिक्षा नीतियों पर भी सवाल उठाता है। अब समय आ गया है कि सभी संबंधित पक्ष मिलकर इस समस्या का समाधान करें और सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिले, जो उन्हें उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसरित कर सके। सरकार और विभाग को अपने दावों को वास्तविकता में बदलने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

जन चर्चा है कि कलेक्टर मंडला पीएम श्री विद्यालयों पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। विगत दिवस कलेक्टर मण्डला ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मण्डला का अवलोकन किया था तथा आवश्यक निर्देश भी दिए थे।

चूंकि मनेरी जिला मण्डला के अंतिम छोर पर स्थित है। जिस कारण अधिकारियों का यहां आना जाना कम ही होता है। पर देर सबेर कलेक्टर महोदय विद्यालय का निरीक्षण जरूर करेंगे तब हकीकत सामने आएगी। उसके बाद देखना है कि दोषी अधिकारी- कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई होती है और बच्चों के हित में क्या कदम उठाए जाते हैं।

### *इनका कहना है:-*

*मनेरी संकुल प्राचार्य हमेशा अधिकांश छुट्टी मे रहते है कभी कभार स्कूल आते हैं, साथ ही स्कूल के लिए अपने कर्तव्य का पालन नही कर रहे जिससे पीएम श्री दर्जा प्राप्त विद्यालय आज लापरवाही की सुर्खियों मे है, और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। क्षेत्रीय लोगों की मांग है यहां दूसरे प्राचार्य की नियुक्ति की जाये।*

***-नारायण धुमकेती,***
***सरपंच, ग्राम पंचायत मनेरी,***
***जनपद पंचायत निवास***

## अतिथि शिक्षकों ने एफआईआर के मामले वापस करने एवं नियमितीकरण मांग का सौपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

जिले में अतिथि शिक्षक परिवार के बैनर तले सोमवार 07 अक्टूबर को महामहिम प्रधानमंत्री, महामहिम राज्यपाल और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर 2 अक्टूबर को अतिथि शिक्षकों पर भोपाल पुलिस के द्वारा बनाये गये पुलिस मामले को वापस कराने सहित नियमित रोजगार दिलाने राज्य सरकार को दिशा-निर्देश जारी करने ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन में मांग की गई है,कि सबसे पहले भोपाल के शाहजहांनीपार्क में अपनी मांगों को लेकर अतिथि शिक्षक प्रदर्शन कर रहे थे।जिन पर एफ आई आर तक दर्ज करा दी गई है।इसको वापस लेकर पुलिस प्रशासन की कड़ी से कड़ी जांच कराई जाए।साथ ही तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा भोपाल में पंचायत बुलाकर अतिथि शिक्षकों के लिए एक साल पहले की गई घोषणाओं को पूरा करने राज्य सरकार को दिशा निर्देश जारी किया जाए। यहां तक कि अतिथि शिक्षकों को बैनर के माध्यम से बलवाई बताकर गोली मारने की धमकी दी गई। नहीं डरने पर रात को पूरे क्षेत्र की बिजली बंद करके खदेड़-खदेड़ कर डंडों से इतनी पिटाई कर दी कि महिला पुरुष अतिथि शिक्षकों के हाथ पैर और शरीर में गंभीर चोटें आईं हैं। यहां तक कि गर्भवती महिलाएं भी चोटिल हुई हैं।तब भी मन नहीं माना तो सैकड़ों अतिथि शिक्षकों के नाम पर एफ आई आर दर्ज करा दी गई है। जिससे संपूर्ण मध्यप्रदेश के लाखों अतिथि शिक्षक परिवार भारी आहत अनुभव कर रहे हैं। ऐसा सरकार के द्वारा अतिथि शिक्षकों का ध्यान मुख्य मांगों से हटाने के प्रयासों के तहत किया जा रहा है।

ज्ञापन कार्यवाही में संजय सिसोदिया, उदय झरिया, मीनाक्षी दुबे,दीपा दुबे, दुर्गा श्रीवास, प्रहलाद झरिया, मोहित पटेल, लाला झरिया, राजू झरिया, हेमंत साहू, महेश बैरागी, अभिनय झरिया मुख्य रूप से सामिल रहे।



# कांग्रेस का बेटी बचाओ अभियान-जिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेन्द्र सिंह के आह्वान पर कांग्रेस पार्टी ने गांधी जयंती 2 अक्टूबर से बेटी बचाओ अभियान शुरू किया है, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला अत्याचारों के कारण सामाजिक आपातकाल की स्थिति बन गई है, मध्य प्रदेश में 3 साल की बच्ची से लेकर 70 साल की महिला तक कोई भी सुरक्षित नहीं है इसलिए कांग्रेस बेटी बचाओ अभियान चला रही है।

पूर्व विधायक डॉ. अशोक मर्सकोले ने कहा कि बीते 18 सालों में भाजपा की सरकार महिला अत्याचारों को रोकने में नाकाम रही है इसलिए इन 18 सालों में चार लाख दस हज़ार से अधिक महिलाओं को अत्याचार का शिकार होना पड़ा। उन्होंने कहा कि NCRB की रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश में 2004 से भाजपा सरकार में 65 हज़ार से ज़्यादा बहनों के साथ बलात्कार के मामले दर्ज हुए हैं यह तो अधिकृत आँकड़ा है असल स्थिति इससे कहीं ज़्यादा बदतर है। मध्य प्रदेश में हर 17 मिनट में एक बेटी के साथ अपराध होता है, हर घंटे प्रदेश की 1 बेटी के साथ दुष्कर्म होता है, और हर 3 घंटे में एक छोटी बच्ची दुष्कर्म का शिकार होती है। मध्य प्रदेश में 1 लाख 40 हज़ार से अधिक महिलाओं के खिलाफ़ हुए अपराधों के मामले अभी भी लंबित हैं। प्रदेश में 3 साल की मासूम से लेकर 70 साल की बुजुर्ग महिला तक, कोई भी सुरक्षित नहीं है।



युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशु जैन ने कहा कि बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार, स्कूल में बेटियों को न पढ़ा पा रही है न बचा पा रही है। लाड़ली बहना योजना के सहारे सत्ता में आने वाली पार्टी अब मध्यप्रदेश में 'लाचार बहना योजना' चला रही है, जिसमें प्रदेश की हर बहन पर अत्याचार हो रहा है और लाचार बहना बस डर के साये में जी रही है।

एड राकेश तिवारी ने कहा कि पिछले नौ महीने की मोहन सरकार में मध्यप्रदेश में 2400 से ज्यादा रेप के मामले सामने आए हैं, जिनमें से 140 गैंगरेप हैं। महिलाओं और बच्चियों के गायब होने में सबसे ऊपर नाम इंदौर का आता है। मध्यप्रदेश में महिलाओं के रिक्त पदों पर सवाल उठाते हुए राकेश तिवारी ने कहा कि महिला अपराधों की जांच इसलिए भी नहीं हो पा रही है क्योंकि इसकी जांच सब इंस्पेक्टर रैंक की महिला अधिकारी ही कर सकती है। मगर प्रदेश में 47 प्रतिशत पद सब इंस्पेक्टर महिलाओं के खाली पड़े हैं। राज्य महिला आयोग भंग है। दो बार सरकार बन चुकी है लेकिन महिला आयोग में अभी तक नियुक्ति नहीं हुई है। वहां भी हजारों की संख्या में केस पड़े हैं।

उक्त कार्यक्रम में शेख अतीक, अमित शुक्ला, विक्रम सिन्हा, अमन लाहौरी, विवेक दुबे, जावेद कुरैशी, दानिश गौरी, मयूर चौधरी, शीतल खंडेलवाल, राहुल श्रीवास,राजेश महोबिया आदि कांग्रेस जन शामिल रहे।

## चुनरी यात्रा का किया फूलों से स्वागत, अंजनियां वासियों ने 111 मीटर लंबी चुनरी मैया को की अर्पित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

शीतला मंदिर अंजनिया से खेरमाई मंदिर तक भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। भक्तगणों द्वारा 111 मीटर लंबी चुनरी पूजन उपरांत खेर माता को अर्पित की गई। चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में ग्राम के महिला पुरुष तथा बच्चे शामिल हुए। यात्रा शीतला मंदिर से बस स्टैंड तथा इंदिरा चौक भ्रमण करते हुए खेरमाई मंदिर में समाप्त हुई। इस दौरान यात्रा मार्ग में ग्राम वासियों ने चुनरी यात्रा का फूलों से स्वागत किया। आयोजन समिति द्वारा चुनरी यात्रा में शामिल लोगों के लिए पानी तथा फल की व्यवस्था की गई। वहीं खेरमाई मंदिर में पूजन उपरांत प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### बैंड की धुन में थिरके ग्रामवासी

चुनरी यात्रा के दौरान बैंड पार्टी द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी जा रही थी। जिसे सुनकर यात्रा में शामिल ग्रामवासी अपने आपको रोक नहीं पाए और पूरी यात्रा के दौरान ग्रामवासी बैंड की सुमधुर धुन में जमकर थिरकते रहे।

### प्रतिवर्ष आयोजित होगी यात्रा


चुनरी यात्रा आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष ग्रामवासियों के सहयोग से चुनरी यात्रा शीतला मंदिर से खेरमाई मंदिर तक आयोजित की जाएगी।

**विडम्बना** | **दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में नहीं मिल रहा सभी को योजनाओं का लाभ।**

# किसानों के साथ विभाग कर रहा भेदभाव

*** कृषि कार्य पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/मवई




राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) भारत सरकार द्वारा 2007 में शुरुआत की गई एक विशेष योजना है जिसका प्रमुख उद्देश्य देश में खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि करना है। यह मिशन विशेष रूप से तीन प्रमुख फसलों, जैसे चावल, गेहूं और दलहन, पर केंद्रित है। इन फसलों पर ध्यान केंद्रित करने का उद्देश्य यह है कि यह फसलें देश की खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

मिशन के अंतर्गत किसानों को विभिन्न प्रकार की तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिससे वे अपनी उत्पादन क्षमता को बेहतर बना सकें। इसके अलावा, एनएफएसएम किसानों को उन्नत किस्म के बीज, रसायन और मशीनरी प्रदान करने जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराता है। इन सुविधाओं का मुख्य लक्ष्य यह है कि किसानों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार आधुनिक और वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने में मदद मिल सके।

### प्रचार प्रसार के अभाव मैं दम तोड रही योजनाएं

किसानों की आय दुगना करने और कृषि को बढ़ावा देने के उददेश से सरकार द्वारा चालू की गई एनएफएसएम योजना कृषि विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और योजना के प्रचार प्रसार मैं दम तोड़ रही है। एक तरफ सरकार कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए सैकड़ों योजनाएं चालू कर रही लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से उन योजना का किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे किसानों की हालत बद से बत्तर होती जा रही है और किसान कृषि छोड़ महानगरों मैं पलायन करने को मजबूर है।

### कई वर्षो से ना तो धान के बीज वितरित किया गया न ही कीटनाशक दवाइया

अधिकारियों द्वारा कैसे सासन की योजनाओं को मट्टी पलीद किया जाता है जिसका जीता जगता उदाहरण देखना हो तो मण्डला जिले से 100 किलोमीटर दूर वनांचल मवई मुख्यालय आइए जहा कृषि विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण किसानों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। जहां विगत कई वर्षों से किसानों को एनएफएमएस योजना के तहत न तो धान के बीज वितरित किया जा रहा है और ना ही कीटनाशक दवाईयाँ और मसीनरीज का आखिर सवाल ये है की किसानों के लिए आने वाली उन्नत किस्म की धान के बीज दवाइयां और मसीनरीज जाती कहा है। आखिर क्यों कई वर्षो से इनका वितरण नही किया जा रहा है। अधिकारियों के द्वारा उन्हें कहा गोलमाल कर दिया जाता है।जिसका जवाब जिले मैं बैठे आलाधिकारियों के पास भी नही है।

### चहेतो को बांट दिए योजना का लाभ

वर्ष 2024 में एनएफएसएम योजना के तहत उन्नत तकनीक से कृषि करने वाले किसानों को हाइब्रिड धान के बीज खरीदी के बदले 5000 रुपए प्रति हेक्टेयर किसानों को दिया जाना था लेकिन कृषि अधिकारियों के द्वारा इस योजना का कोई भी प्रचार प्रसार नही किया गया और गुपचुप तरीके से सांठ-गांठ करते हुए अपनो को इस योजना का से लाभान्वित कर दिया गया।वही जब इस संबंध मैं कृषि विस्तार अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने ये कहते हुए पल्ला झाड़ लिया की जिले से 50 किसानों को ही लाभान्वित किए जाने का आदेश आया है।

## जलाशय की जमीन मे खेती कराने के चक्कर में, खाली किया जा रहा बांध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

नगर का एक मात्र बहुउपयोगी जलाशय जिससे लगभग चौवन सौ एकड़ रकबा का सिंचाई अनुमानित है और पुरी नगर परिषद में पेय जल प्रदाय होता है किन्तु बीते सप्ताह से जलाशय का का जल व्दार खोल कर नहरों से पानी जंगली नालों में बहाया जा रहा है इस वर्ष अभी पिछले सप्ताह तक बारिश हुई है फिर कौन सी फसल और कौन से कृषक को पानी की आवश्यकता है समझ से परे है। आने वाली रबी फसल के लिए पानी अति आवश्यक है बीते दो तीन वर्षों में गेहूं फसल में तीसरा पानी नहीं मिला है जिसका खामियाजा किसान भुगता है और गेहूं की फसल की उत्पादन भी बोहोत कम हुआ है फसल की लागत से भी मोहताज होना पड़ा है फिर सिंचाई विभाग के कर्मचारी इतनी लापरवाही क्यों करते हैं अनेक



कृषकों का कहना है कि जलाशय खाली होने से जलाशय की खाली भुमि में युद्ध स्तर पर खेती होती है जलाशय की खाली भुमि में फसल उत्पादक किसान और विभागीय कर्मचारियों की सांठ-गांठ किसी से छिपी नहीं है। जलाशय भूमि में खेती करने वाले किसान चौबीस घंटे पानी का उपयोग करने स्वतंत्र रहते हैं और उन्हें सिंचाई विभाग से कोई जलकर नहीं लिया जाता और वे कृषक अनेक प्रकार की जहरीली दवाइयों का उपयोग करते हैं और वहीं पानी पुनः जलाशय में मिलने पानी दुषित होता है जिसका प्रदाय नगर परिषद व्दारा पेयजल हेतु किया जाता है सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों से अनुरोध है कि जलाशय के बेशकीमती जल को जंगलों में बहने से बचायें और जलाशय की रिक्त भूमि का सदुपयोग हेतु निर्देशित करें।

## खबर संक्षेप

### नर्मदा नदी में डूबे अधेड की इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में हुई मौत

**डिण्डौरी।** जिला मुख्यालय में नर्मदा नदी में डूब रहे एक व्यक्ति को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल चैकी पुलिस को दिए कथन में मनोज कुमार झारिया उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सरसवाही थाना निवास जिला मंडला ने बताया कि उसके पिता सुरेश प्रसाद झारिया उम्र 57 वर्ष सिंचाई विभाग डिंडौरी में चपरासी के पद पर पदस्थ थे और वे सुबखार वार्ड क्रमांक 2 में किराए के मकान में रहते थे। रविवार की सुबह उसे लगभग 9:00 बजे जिला चिकित्सालय से फोन आया कि पिताजी भर्ती हैं। खबर सुनकर जब मैं जिला चिकित्सालय पहुंच तो पिताजी मृत में हालत में थे। जानकारी लेने पर अस्पताल से बताया गया कि शनिवार की रात करीबन 10 बजे निहाल पिता विजय कुमार 30 वर्ष निवासी मानपुर थाना समनापुर नर्मदा घाट से पिताजी को लाकर भर्ती किया था। बताया गया कि मछली पकड़ते समय पिताजी नर्मदा नदी के पानी में डूब रहे थे तब उन्हें निकालकर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया था। पिताजी की मृत्यु कैसे हुई है मुझे जानकारी नहीं है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### रेलवे की परीक्षा में प्रथम स्थान अर्जित कर अनुरोध मिश्रा बने राजपत्रित अधिकारी

**अनूपपुर। बरगवां/** अमलाई नगर परिषद निवासी अनुरोध मिश्रा के भारतीय रेल सेवा के एएमई (राजपत्रित अधिकारी) बनने पर पूरे नगर सहित संभाग में हर्ष का माहौल है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन मे आयोजित परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर समूचे क्षेत्र को अनुरोध ने गौरान्वित किया है। अनुरोध मिश्रा (हिम्मी) जो रामलखन मिश्रा प्रधानाध्यापक के पुत्र एवं सीके बिरला ग्रुप के ओरिएण्ट पेपर मिल मे सहायक प्रबंधक विद्युत के पद पर कार्यरत आर्शीवाद मिश्रा के अनुज है, जो वर्तमान मे भारतीय रेल के बिलासपुर जोन मे सेफ्टी कॉउंसलर के प्रतिष्ठित पद पर कार्यरत है। उनका चयन भारतीय रेल के दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन मे आयोजित परीक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त कर भारतीय रेल सेवा के एएमई राजपत्रित अधिकारी पर हो गया है। उनके सफलता पर सभी ने बधाई देते हुए उज्वलव भविष्य की कामना की है।

### वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह अंतर्गत कन्या विद्यालय मे प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**अनूपपुर।** वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 1 से 7 अक्टूबर के मध्य मनाए जाने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र अनूपपुर अंतर्गत द्वारा शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय अनूपपुर में अध्यनरत छात्राओं के मध्य वन एवं वन्यप्राणियों पर प्रश्नोत्तरी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर स्वर्ण गौरव सिंह, सहायक किरर रिचर्ड रेगी राव, वनरक्षक दिनेश रौतेल, हरि नारायण पटेल, दुर्गेश पटेल, डॉ कौशलेंद्र सिंह, शिक्षिका अमिता मरकाम ने अपने-अपने विचार रखते हुए प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने हेतु वन तथा वन्यप्राणियों के संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### शारदीय नवरात्रि के पंचमी को जमुनिहा में कन्या भोज का हुआ आयोजन

**अनूपपुर।** जिले के संकुल उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक अनूपपुर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक पाठशाला जमुनिया में शारदीय नवरात्रि की पंचमी के शुभ अवसर पर माता स्कंदमाता के पूजन के उपलक्ष्य पर मातृशक्ति के रूप में कन्याओं को मध्यांतर के समय कन्या भोज के रूप में विद्यालय में नवाचार करते हुए अध्यनरत समस्त बालक बालिकाओं को माता रानी के जयघोष के साथ ही हलवा, पूरी, सब्जी, केला, मिष्ठान का भोजन के रूप में भरपेट प्रसाद का वितरण किया गया।

# अमरपुर और शहपुरा ब्लॉक मुख्यालय में झोलाछाप डॉक्टर कर रहे ईलाज



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** ब्लॉक मुख्यालय अमरपुर और शहपुरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नाक के नीचे झोलाछाप डॉक्टर कर रहा है मरीजों का इलाज जहां कुछ दिवस पहले मुख्यालय के मनौरी गांव में डायरिया फैला हुआ जिससे लोगों को अपने जान गंवाने पड़ी फिर भी शासन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

### 'झोले में दहशत, खतरे में सेहत'

लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ के यह दो मामले नहीं अपितु सैंकड़ों है, लेकिन इन नीम-हकीमों के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही नहीं की जा रही है। स्वयं को रजिस्टर्ड डॉक्टर बताकर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप नीम-हकीमों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने के कारण इनके हौंसलें दिनों दिन बुलंद होते जा रहे हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की ओर से इन पर कठोर कार्यवाही नहीं करने के कारण इन्होंने गांव-गांव में क्लीनिक लगा रखे हैं। क्षेत्र में आदिवासी,गुजराती, बंगाली, यूनानी व कोरोना भगाने जैसे अनेकों तरीके से इलाज का दावा कर रहे झोलाछाप मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की टीम की इन पर अभी तक मेहरबान है। जिससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का धंधा इनका ओर भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। शहर सहित क्षेत्र में कई जगह पर तो सड़क किनारे तंबू तानकर कई अनपढ़ खुद को नाड़ी वैद्य बताकर उपचार के नाम पर लोगों को ठग रहे हैं। गांव, बस्ती और गली में कोई कोई बगैर डिग्री का नीम-हकीम नजर आ जाता है, जो प्राइवेट दवाखाने खोलकर लोगों का उपचार कर रहे हैं। खासकर बारिश के बाद मौसमी बीमारियों के फैलने पर इनका धंधा जोरों पर है।

### इनका कहना है

झोलाछाप डॉक्टरो की कार्यवाही को लेकर टीम रहती है जल्द ही एसडीएम शहपुरा से चर्चा कर कार्यवाही की जाएगी

**डॉ सत्येंद्र परस्ते**
**ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर शहपुरा**



जैसे ही आदेश आता है कलेक्टर साहब का टीम गठित करके जल्द कार्यवाही की जायेगी

**डॉ एस. एस. मरकाम**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर,सीबीएमओ**

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले राम जी झारिया को किया सम्मानित

**शहपुरा।** डिंडोरी जिला पंचायत कार्यालय में आज दिन सोमवार दिनांक 7 अक्टूबर 2024 को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम समापन के बाद मध्य प्रदेश में और डिंडोरी जिले में प्रथम रैंक प्राप्त करने वाले और उत्कृष्ट कार्य करने वाले को डिंडोरी जिला सीईओ जिला पंचायत डिंडोरी के द्वारा प्रशस्ति पत्र पैसा मोबिलाइज राम जी झारिया ग्राम पंचायत बरोदी को दिया गया। आपको बता दे की डिंडोरी जिला वह मध्य प्रदेश में स्वच्छता की ऊपर उत्कृष्ट कार्य करने वाले मोबिलाइज रामजी झरिया के द्वारा समय-समय पर सत्ता को लेकर लोगों को जागरूक व स्वच्छता का संदेश देने का काम भी किया जाता है साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का भी काम पैसा मोबिलाइजर राम जी झारिया के द्वारा समय-समय पर लोगों के बीच पहुंचकर जागरूक किया जाता रहा है और इसी कार्यक्रम में आज डिंडोरी जिले में प्रथम रैंक पैसा मोबिलाइजर राम जी झारिया को मिला लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं बधाई प्रेषित किए हैं।



## अतिथि शिक्षक महासंघ ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी-** अतिथि शिक्षक महासंघ ने अपनी मांगों के संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल मध्यप्रदेश के नाम सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर तहसीलदार डिण्डौरी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गांधी जयंती के अवसर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन में अतिथि शिक्षकों पर लाठीचार्ज करने वाले प्रशासन की जांच कर उचित कार्यवाही और अतिथि शिक्षकों की जायज मांगों को जल्द पूरा कराने मध्यप्रदेश सरकार को दिशा निर्देश प्रदाय किया जाए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 02 सितंबर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान जी ने अतिथि शिक्षक पंचायत भोपाल में आयोजित कर अनेक घोषणाएं की थीं। उनकी घोषणानुसार गुरुजियों की भांति विभागीय परीक्षा, वार्षिक अनुबंध, सीधी भर्ती में पचास प्रतिशत आरक्षण और बोनस अंक देकर नियमित करने को कहा गया था, लेकिन घोषणा के एक वर्ष बाद भी आदेश जारी नहीं हुए। जबकि सैकड़ों बार शासन प्रशासन से आवेदन निवेदन कर चुके हैं। 10 सितंबर को भोपाल में हजारों की संख्या में एकत्र होकर संवैधानिक रूप से अपनी बात रखने का प्रयास किया गया। जिसके बाद 11 सितंबर को वल्लभ भवन प्रशासन के द्वारा बैठक करके कुछ तात्कालिक मांगों पर सहमति बनाई गई थी। बीस दिन काम नहीं होते देख 02 अक्टूबर 2024 को प्रदेश भर के अतिथि शिक्षक शांतिपूर्ण तरीके से वचन निभाने का आग्रह भोपाल पहुंचकर कर रहे थे। जिसमें पुलिस ने रात्रि लगभग 08 बजे लाइट बंद करके बर्बरता से अतिथि शिक्षक भाई-बहिनों पर लाठीचार्ज कर पिटाई कर दर्जनों को चोटिल कर दिया है, जो घोर निंदनीय है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 2008 से अत्यंत कम मानदेय पर अनिश्चित रोजगार में अतिथि शिक्षक पढ़ाने का काम बड़े ही लगन के साथ करते नियमित रोजगार पाने लंबे समय से मांग करते आ रहे हैं। मांग की गई है कि उपरोक्त मामले में संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही कराई जाए। साथ ही मध्यप्रदेश सरकार की ऐसी असहयोगात्मक रवैए से संपूर्ण मध्यप्रदेश के लाखों अतिथि शिक्षक परिवार मध्यप्रदेश सरकार की शर्मनाक हरकत का खुला विरोध करते हैं।




## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर ने आज सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में सीइओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, एसडीएम शहपुरा श्री एश्वर्य वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, एसडीएम बजाग श्री आर.पी. तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वनाधिकार पट्टा वितरण की समीक्षा की और पीएम जनमन के तहत संबंधित विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए पीएम जनमन आवास, विद्युत आपूर्ति, पीएम स्वनिधि, आंगनबाड़ी, आयुष्मान भारत कार्ड, नलजल, आदि की जानकारी ली। उन्होंने पीएम जनमन आवास के तहत गत सप्ताह की प्रगति व द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने जनमन योजना के तहत एमपीईबी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में राशन वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने एमडीएम, कल्याणकारी योजना, आईसीडीएस के तहत किए जा रहे राशन वितरण कार्य की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि सभी शासकीय वितरण दुकानों में आपूर्ति की जा रही है। कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की पंजीयन के संबंध में जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि पंजीयन प्रक्रिया जारी है। सभी 26 पंजीयन केन्द्रों में पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, ओआरएस वितरण की जानकारी विकासखंड के आधार पर की। उन्होंने सिकल सेल एनीमिया की विकासखंड स्तर पर स्क्रीनिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध जांच मशीनों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने आयुष्मान कार्ड की बनाने के लिए आयोजित किए जा रहे कैम्पों के स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, डायलिसिस योजना, क्षय रोग, डेंगू, मलेरिया आदि के संबंध में भी जानकारी ली। और तय लक्ष्य की प्राप्ति करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने नगर परिषद को नियमित क्षेत्र में फॉगिंग कराने और छात्रावासों में भी विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए निर्देशित किया। छात्रवृत्ति और पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सम्पूर्णता अभियान के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। विकासात्मक कार्यों के लिए भूमि आवंटन की स्थिति के बारे में जाना। आरसीएमएस पोर्टल की विस्तृत समीक्षा की गई और राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली और लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करने को कहा गया। इसके साथ ही आहार अनुदान योजना, वन अधिकार पट्टे, बिरसामुंडा स्वरोजगार योजना, टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना, खरीफ फसल, उद्यानिकी विभाग के कार्य, बीज वितरण, उर्वरक की उपलब्धता, मिलेट मिशन सहित अन्य विभागीय कार्यां की समीक्षा की। उन्होंने रोजगारोन्मुखी योजनाओं को प्राथमिकता देने के लिए निर्देशित किया। समय-सीमा के प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सीएम हेल्पलाइन के तहत विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने सभी विभागों को न्यायालयीन लंबित मामलों का निराकरण करने के लिए निर्देश दिए।

बैठक में जिले में पर्यटन स्थलों बढावा देने के लिए सभी पर्यटन स्थलों की बेहतर रखरखाव करने, साफ-सफाई रखने और पर्यटन की विस्तार के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। जिसमें क्षेत्र के ऐतिहासिक, धार्मिक, प्राकृतिक व अन्य पर्यटन स्थलों पर कार्य करें। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने आगामी त्यौहारों के लिए सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस एवं भीड़ प्रबंधन के संबंध मंय आवश्यक निर्देश दिए। राजस्व विभाग अपने न्यायालय के प्रकरणों को प्राथमिकता से पूरा करें। कृषि विभाग एनपीके उर्वरकों को प्रोत्साहित करें। कलेक्टर हर्ष सिंह ने सभी जिला अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों को संबंधित क्षेत्र में राशन वितरण एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। जिससे लगातार मॉनीटरिंग होने से उक्त व्यवस्थाओं में नियमित सुदृढ़ता बनी रहे। साथ ही उन्होंने उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को जिले के सभी लाभांवित एवं पात्र दिव्यांगों की सूची प्रस्तुत करने को कहा है।

## सशक्त वाहिनी प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

### बालिकाओं में मिलेगी फिजिकल ट्रेनिंग

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** 02 अक्टूकबर से 11 अक्टूबर 2024 तक शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत सशक्तक वाहिनी प्रशिक्षण के साथ साथ शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सशक्त वाहिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री श्याम सिंगौर द्वारा बलिकाओं को सशक्ती करने हेतु अनेक योजनाऐं जो शासन स्तार से संचालित किये जा रहे है, उनके बारें में जानकारी दी गई एवं शक्ति संवाद कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन से संवाद कराया गया। जिसमें बालिकाओं को



पुलिस प्रशासन के कार्य एवं कार्यक्षेत्र के बारें में जानकारी प्रदान की गई। इसी क्रम में विगत 1 माह से बेटियों के उज्जकवल भविष्यं के लिये बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना के अन्त र्गत प्रोजेक्टं संकल्प संचालित है। जिसमें बालिकाओं को बेहतर प्रशिक्षण देने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है, वर्तमान में पुलिस आरक्षक के पद हेतु तैयारी करने वाली बालिकाओं को फिजिकल ट्रेनिंग की भी आवश्यरकता होती है, जिसके लिये उन्हे तैयारी कराया जाना है। जिस हेतु आज फिजिकल प्रशिक्षण के लिये लगभग 45 बालिकाओं ने पंजीयन कराया। उपरोक्त कार्यक्रम के पश्चालत सेफ्टी वॉक हेतु कोतवाली डिण्डौयरी तक रैली का आयोजन किया गया। रैली के बाद कोतवाली प्रभारी डिण्डौकरी के द्वारा सायबर क्राईम, महिला सुरक्षा के साथ साथ अपराधियों के विरूध पुलिस की कार्यदक्षता के बारें में विस्तृत जानकारी दी गई। कोतवाली डिण्डौरी में बालिकाओं को भ्रमण कराया गया जिसमें टीआई श्री गिरवर सिंह ने बालिकाओं को सेफ्टी वॉक के बारे मे जानकारी देते हुये बताया कि जब आप अपने गंतव्य पर आ-जा रहें है, तो अपने आप को सजग रखना है, कब, कौन, कहां, किस तरह का माहौल बन जाये कोई नही जानता। अपने साथ चल रहे किसी भी व्यक्ति के उपर विश्वास नही करना है। इन सभी बातों को ध्यासन में रखते हुये जहां आपको असहज महसूस होता है तो आप पुलिस हेल्पवलाईन से संपर्क कर सकते है। आज इस कार्यक्रम में प्रशासक वन स्टॉ प सेन्ट र नीतू तिलगाम सहित सभी प्रशिक्षक प्रोजेक्टक संकल्पप व समस्तज स्टॉप वनस्टॉयप सेन्टसर उपस्थित रहे।

## सभी ग्राम पंचायतों में सचिवों की उपस्थिति में हो राशन का वितरण-कलेक्टर

## समयावधि पत्रों की समीक्षा, दिए अधिकारियों के दिशा निर्देश

**अनूपपुर।**



कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि राशन वितरण प्रणाली में और अधिक पारदर्शिता लाने की आवश्यकता है। इस हेतु पटवारी ग्राम पंचायत के राशन दुकान तक खाद्यान्न पहुंचने तक मॉनिटरिंग करें तथा पंचायत सचिव की उपस्थिति में राशन हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे हितग्राहियों को पूरी सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ राशन वितरण हो सके। उन्होंने एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत कोदो को जीआई टैग दिलाने हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रयास करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोदो को जी आई टैग प्राप्त हो जाएगा, तो इसकी मार्केटिंग करने में आसानी होगी तथा महिला स्व-सहायता समूहों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा तथा अनूपपुर जिले के अमरकंटक एवं पुष्पराजगढ़ क्षेत्र का भौगोलिक पहचान भी विख्यात होगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्रों में प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन गंभीरता के आधार पर किया जाए एवं प्रतिदिन सहायक राजस्व निरीक्षक को लंबित टैक्स की वसूली का लक्ष्य दें तथा प्रतिदिन शाम को प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन की मॉनिटरिंग किया जाए। टैक्स वसूली कार्य को प्राथमिकता एवं गंभीरता के आधार पर कराया जाए। कार्य में लापरवाही एवं कोताही बरतने वाले सहायक राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए शासकीय कार्यों को गति दें। किसी भी विभाग का कोई भी कार्य या समस्या हो, उसे समय सीमा की समीक्षा बैठक में अवगत कराएं, जिससे समय-सीमा में समस्याओं का निराकरण किया जा सके तथा योजनाओं एवं कार्यों को गति मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा की तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करने तथा रैंकिंग सुधारने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की मॉनिटरिंग विभागवार करने के निर्देश संयुक्त कलेक्टर को दिए। कलेक्टर ने बायपास सड़क निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी द्वारा अवगत कराया गया कि ठेकेदार द्वारा अभी तक भूमि संबंधी समस्या बताकर बायपास सड़क का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, जबकि भूमि संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण किया जा चुका है, जिस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि यदि ठेकेदार द्वारा निर्देश के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है, तो अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए तथा नए ठेकेदार को बायपास सड़क का अनुबंध प्रदान कर समय-सीमा में बायपास सड़क का निर्माण कराया जाए। इसी प्रकार कलेक्टर ने जैतहरी मार्ग में आने वाली समस्याओं की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी से प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की कार्य योजना, जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था, दवाईयां तथा सिकलसेल के पॉजिटिव मरीजों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में पॉजिटिव सिकल सेल के मरीजों का उपचार गंभीरता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्हें समय पर निर्धारित जांच एवं दवाइयां मुहैया हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।

## सरकारी कर्मचारी को मेंढ बांध का दिया गया लाभ

**जनपद पंचायत सनमापुर की ग्राम पंचायत बम्हनी का मामला**

डिण्डौरी - जरूरत मंद किसानों को शासन द्वारा प्रदाय की जा रही योजना में ग्राम पंचायत से सांठ गांठ कर सरकारी कर्मचारी भी लाभ उठा रहे है, और शासन की योजना को पलीता लगा रहे है। ऐसा ही मामला जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी में प्रकाष में आया है जहां मनरेगा योजना के तहत एक प्राथमिक षिक्षक को मेंढ बांध का लाभ दिया गया है। नियमानुसार योजना का लाभ किसी सरकारी कर्मचारी को नही दिया जा सकता लेकिन मिली भगत करते हुए ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा योजना का लाभ प्रदान कर दिया गया और तकनीकि अमला द्वारा मूल्यांकन कर भुगतान भी करवा दिया गया । जानकारी के अनुसार रामेष्वर यादव पिता दालचंद यादव निवासी सालीवाडा पेशा से प्राथमिक षिक्षक है और इनकी पदस्थापना बम्हनी के नजदीकी गांव धवाडोंगरी में इन्हे वर्ष 2023 में मेंढ बांध का लाभ दिया गया है और राषि का भी भुगतान कर दिया गया है। ऐसा ही मामला जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बुडरूखी का भी सामने आया था जिसमें एक षिक्षिका को खेत तालाब का लाभ देते हुए राषि का भगतान कर दिया गया था । जिस पर ग्रामींणों द्वारा कलेक्टर से षिकायत दर्ज करायी गई थी जिसकी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा टीम गठित कर जांच करायी गई थीं। जिसमें सरपंच सचिव रोजगार सहायक और पूर्व सरपंच को नोटिस जारी कर जबाव तलब किया गया था । मामले की जांच में यह भी सामने आया था कि षिक्षिका ने अपने कथन में खेत तालाब निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को कोई मांग पत्र नही दी थी और न ही उसे उसकी भूमि में खेत तालाब की जांनकारी है। कुल मिलाकर सरकारी तंत्र और जनप्रतिनिधियों की मिली भगत से मनरेगा योजना में खेल किया जा रहा है। मामला सामने आने के बाद प्रषासनिक अमला कार्यवाई की बात करता है।

### इनका कहना है -

शीघ्र ही जानकारी तलब की जायेगी और ऐसा मामला सामने आता है तो कार्यवाई की जायेगी।

**सी.पी.साकेत**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समनापुर**

## खबर संक्षेप

### शक्ति अभिनंदन अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

**नरसिंहपुर।** राज्य शासन द्वारा महिला नेतृत्व आधारित विकास, महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केन्द्रित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का निरंतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कड़ी में महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण प्रदेश में 2 से 11 अक्टूबर तक शक्ति अभिनंदन अभियान आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 10 दिवसीय शक्ति अभिनंदन अभियान के तहत विद्यालयों में महिला सुरक्षा पर पेंटिंग प्रतियोगिता, महिलाओं से संबंधित एक्ट अधिनियम एवं नवीन कानूनों पर चर्चा, महिला सुरक्षा जागरूकता रैली, बुजुर्ग महिलाओं (दादी-नानी) सम्मान, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर सेफ्टी वॉक, सकारात्मक पुरुष भागीदारी पर चर्चा तथा सायबर सिक्योरिटी, सोशल मीडिया सिक्योरिटी पर विद्यालय महाविद्यालय में प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

### नशा मुक्त अभियान के तहत मैराथन व वाहन रैली का आयोजन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सतीश दुबे के मार्गदर्शन एवं आई.क्यू.ए.सी. तत्वाधान में क्रीडा विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत वाहन रैली एवं मैराथन दोड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं सहित अर्पित सक्सेना क्रीडा अधिकारी , राम मनोहर अहिरवार सहायक प्राध्यापक गणित एवं प्रतीक साहू सम्मिलित रहे। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 31

**नरसिंहपुर।** जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए 8 फरवरी 2025 को जवाहर नवोदय विद्यालय पार्श्व चयन प्रवेश परीक्षा वर्ष 2025 आयोजित की जायेगी। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 नियत की गई है। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 9 वीं व 11 वीं में प्रवेश के लिए जिले के समस्त शासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा आठवीं एवं कक्षा दसवीं के अध्ययनरत विद्यार्थी निः शुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 9 वीं एवं कक्षा 11 वीं के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### 17 सौ फुट ऊंची पहाड़ी पर विराजी जगदंबा

**तेंदूखेड़ा।** शक्ति साधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।माता रानी की भक्ति में समूचा क्षेत्र संलग्न बना हुआ है।समीपी ग्राम उमाहे में स्थित पहाड़ी पर जो की धरातल से लगभग 1700 फुट ऊंची है पर पिछले 27 सालों से चली आ रही परम्परा के अनुसार यहां पर दुर्गा प्रतिमा विराजमान की जाती है ।सबसे बड़ा सोचनीय और आश्चर्यजनक विषय तो यह है कि यहां पर अमृत सरोवर तालाब बन जाने से परम्परागत पगडंडी मार्ग बंद हो गया है और तालाब में पर्याप्त पानी होने के कारण लोग इस पहाड़ी पर अब नाव की सहायता से ही पहुंच पाते हैं।इस तालाब में बरसात के दिनों में एक मगर भी आ गया है।चूंकि उमाहा और आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से लोग भी तालाब में डली नाव के माध्यम से ही आना जाना कर रहे हैं। पहाड़ी पर स्थित प्रतिमा जनाकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। दोपहर में महिला श्रद्धालु पहुंचकर देवी जस और रात्रि में पुरुष श्रद्धालु पहुंचकर माता रानी की आरती में शामिल हो रहें हैं।

# अभियान के लक्ष्यों को चिन्हित कर पूरा करें

## योजनाओं से संतृप्त करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी: कलेक्टर

नरसिंहपुर।





सोमवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का उद्देश्य सतत विकास, बुनियादी ढाँचे, आजीविका और सेवाओं तक पहुँच को बढ़ाकर जनजाति समुदायों का उत्थान करना है। कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के क्रम में यह शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करने, विकास अंतराल को कम करने तथा भारत में जनजातियों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

### आर्थिक सशक्तिकरण को दें बढ़ावा

उन्होंने कहा कि कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन क्षेत्रों में सहायता के माध्यम से कौशल विकास, उद्यमिता संवर्द्धन और उन्नत आजीविका (स्वरोजगार) पर फोकस कर उनका आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत 18 विभागों की 25 योजनायें शामिल है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि उक्त योजना की शतप्रतिशत संतृप्ति के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार सहायक एवं सचिव के माध्यम से जाँच कर ली जाये जिससे कि अभियान के शेष लक्ष्यों को चिन्हित कर उन्हें निर्धारित समय में पूर्ण किया जा सकें। पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की अद्यतन प्रगति की समीक्षा भी हर तीन दिन में करने के निर्देश दिये।

### दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत जिले के पात्र वन अधिकार पट्टा धारकों को शासन की विभिन्न योजनाओं से संतृप्त करवाना सुनिश्चित करवायें। इस कार्य में प्रतिदिन प्रगति की मॉनिटरिंग जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग सुनील मरकाम को करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने जिले में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियों के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि विसर्जन स्थल पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के साथ- साथ स्थानीय अमले की ड्यूटी भी लगाई जाये। विसर्जन कुंड स्थलों पर समुचित साफ- सफाई, लाइट आदि की व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें। उन्होंने सभी एसडीएम को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कृत्रिम विसर्जन कुंडों में ही हो। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

### टॉस्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल एवं कुमार प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने बाल एवं कुमार प्रतिषेध विनियमन अधिनियम 1986 संशोधित 2017 के अंतर्गत सभी निर्माण विभागों को निर्देशित किया कि समस्त निर्माणाधीन स्थलों पर निरीक्षण के दौरान बाल श्रम न हो रहा है, इसकी भी जांच की जावे। साथ ही कार्यरत श्रमिक महिलाओं के बच्चों को क्रेच की व्यवस्था या संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्र में भेजा जाना सुनिश्चित किया जावे। आगामी समय में गुड़ भट्टियों के लिए जारी आदेश के अंतर्गत बाल श्रम के उपबंधों का पालन सुनिश्चित किया जावे। इस दौरान समिति सदस्यगण मौजूद थे।

## विद्यालयों में मद्य निषेध सप्ताह के तहत हुए विभिन्न कार्यक्रम





नरसिंहपुर।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2024 तक कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिले के शासकीय हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में मद्य निषेध सप्ताह मनाया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्योहार ने बताया कि मद्य निषेध सप्ताह का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान, नशीली दवा व मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराना है। नशा सेवन की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए जनजागृति एवं चेतना निर्माण कर ग्राम, शहर व जिले को नशामुक्त बनाना है। मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत नशे के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शासकीय स्कूलों में शपथ ग्रहण, निबंध लेखन, वाद- विवाद चित्रकला, रंगोली आदि प्रतियोगितायें आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को प्रेरित भी किया जा रहा है। ईपीईएस शासकीय हाई स्कूल कुकलाह के विद्यार्थियों ने ग्राम के मुख्य चैराहे पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर ग्रामीणों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय में नशा मुक्ति के संबंध में चित्र बनाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताये। एकीकृत शासकीय हाईस्कूल रीछई में विद्यार्थियों द्वारा नशामुक्ति पर आधारित रंगोली का आयोजन किया गया। इसी तरह शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय सालीचैका, पीएमश्री शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा, समस्त स्टाफ व छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इन कार्यक्रमों की मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन प्रविष्टि की जा रही है।

## पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली अंतर्गत पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस को बड़ी सफलता, मिली जिसमें एक पिस्टल व एक जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जिले में अवैध कारोबार पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक, श्रीमती मृगाखी डेका द्वारा विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है जिसके तहत जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में नाकाबंदी की जावे साथ ही सर्चिंग अभियान चलाया जाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध कारोबारियों की धरपकड़ की जावे। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए कोतवाली पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर विष्णु उर्फ छोटू ठाकुर पिता रविशंकर उर्फ चमन ठाकुर उम्र 21 साल निवासी राजीव वार्ड, इतवारा बाजार, नरसिंहपुर के कब्जे से एक लोहे की



देशी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस रखे हुये मिला जो उक्त पिस्टल व जिंदा कारतूस को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया व आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 748/2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीवद्ध कर उक्त आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। उक्त आरोपी की पतारसी एवं मशरूका बरामदगी में अनु. अधिकारी पुलिस, नरसिंहपुर, श्रीमति मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक, गौरव चाटे, उनि विश्राम सिंह धुर्वे, उनि मनीष मरावी, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, आरक्षक प्रहलाद माधवे, आरक्षक पंकज सिंह राजपूत, आरक्षक रोहित चन्पुरिया व सायबर सेल से महिला आरक्षक कुमुद पाठक की सराहनीय भूमिका रही।

## नौकर, मां एवं दोनों बच्चों को पुलिस ने ढूंढ निकाला




नरसिंहपुर।

बीते दिनों थाना क्षेत्र सुआतला निवासी वृद्ध द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि उसके नाती स्कूल गये हुये थे तथा उसके बाद से लापता है। दो बच्चों को पुलिस ने सिवनी जिले के आदेगांव से उनके नौकर और मां के साथ खोज निकाला है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है कि बच्चों का अपहरण हुआ था या फिर वे अपनी मां की सहमति से गए थे। सुआतला थाना के एसआई विजय धुर्वे ने बताया कि 30 अगस्त को बच्चों के लापता होने की शिकायत दर्ज की गई थी। इसके बाद से लगातार बच्चों की तलाश जारी थी। सुआतला थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 30 वर्षीय महिला अपने दो बच्चों (10 और 8 साल) के साथ अपने पिता के घर पर रह रही थी। महिला की ससुराल ठेमी थाना क्षेत्र के एक गांव में है, जहां वह कुछ दिनों पहले गई थी। उसी दिन महिला के पिता के यहां काम करने वाला नौकर पप्पू सेन बच्चों को स्कूल छोड़ने की बात कहकर घर से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। जब बच्चे शाम तक घर नहीं पहुंचे, तो परिवार वालों ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बाद में पता चला कि महिला भी अपने ससुराल से लापता है। अगले दिन, बच्चों के नाना ने सुआतला थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने छानबीन शुरू की। इस दौरान ग्रामीणों से पता चला कि ऊमर नदी में एक स्कूल बैग तैरता हुआ मिला था, जिसमें किताबें और एक पहचान पत्र था। इससे पुलिस को आशंका हुई कि बच्चों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, इसलिए उन्होंने नदी में तलाशी अभियान भी चलाया। इस बीच नौकर पप्पू और महिला के फोन लगातार बंद आ रहे थे। पुलिस ने कई जगह उनकी तलाश की। आखिरकार, पुलिस को सूचना मिली कि पप्पू और महिला आदेगांव में मजदूरी कर रहे हैं। पुलिस ने वहां पहुंचकर दोनों बच्चों, नौकर और मां को बरामद कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पप्पू और महिला के बीच प्रेम संबंध थे, जिसके चलते वे बच्चों को लेकर भाग गए थे।

## साइकिल पाकर खुशी से खिल उठे छात्राओं के चेहरे



नरसिंहपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश सहित जिले में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं में से एक योजना निः शुल्क साइकिल वितरण है, जो दूर- दराज से शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों के लिए सहायक सिद्ध हो रही है। यह योजना स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। निः शुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ पाकर जिले के छात्रायें प्रसन्न नजर आये। पीएम श्री एमएलबी स्कूल नरसिंहपुर में तीन अक्टूबर को जनप्रतिनिधियों द्वारा 142 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इन छात्राओं में ग्राम डोंगरगांव की छात्रा सोनम गोंड, ग्राम डोंगरगांव की कक्षा 9 वीं की छात्रा अंकिता साहू, ग्राम पांसी की छात्रा शिवानी मोरिया व ग्राम भरवारा की छात्रा मुस्कान लोधी भी शामिल हैं। ग्राम डोंगरगांव की छात्रा सोनम गोंड़ कहती हैं कि घर से स्कूल तकरीबन 9 से 10 किमी दूर है। कभी- कभी बस नहीं छूट जाने के कारण समय पर विद्यालय नहीं आ पाती हैं। अब शासन द्वारा नि शुल्क साईकिल मिल जाने से अब वे समय पर स्कूल आ- जा सकेंगी। इसी तरह ग्राम डोंगरगांव की ही छात्रा अंकिता साहू बताती हैं कि वे पीएम श्री एमएलबी स्कूल नरसिंहपुर में कक्षा 9 वीं में अध्ययन करती हैं। उन्हें स्कूल आने- जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी- कभी बस में बहुत ज्यादा भीड़ हो जाने के कारण वे स्कूल नहीं जा पाती हैं और मायूस होकर वापस घर को चली जाती हैं। अब निःशुल्क साईकिल मिल जाने से वे समय पर स्कूल आ- जा सकेंगी और अपनी पढ़ाई को कभी बाधित नहीं करेंगी। ग्राम पांसी की रहने वाली छात्रा शिवानी मोरिया व ग्राम भरवारा की छात्रा मुस्कान लोधी बताती हैं कि कभी- कभी पैसे के अभाव में वे बस का किराया नहीं दे पाती थी। गांव से स्कूल आने- जाने में बहुत समय लग जाता था। इससे उनकी पढ़ाई बाधित हो जाती है। लेकिन अब साईकिल मिल जाने से वे समय पर स्कूल आ जा सकेंगी और अपनी पढ़ाई बिना किसी रूकावट से कर सकेंगी। निरूशुल्क साईकिल पाकर ये छात्रायें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद देती हैं। वे कहती हैं कि विद्यार्थियों के हित में उन्होंने बहुत अच्छी योजनायें चालू की हैं। आने- जाने के लिए साईकिल और पढ़ाई के लिए पाठ्य- पुस्तकें निरूशुल्क प्रदान की हैं। इन योजनाओं का भी लाभ पाकर वे बहुत प्रसन्न हुई हैं। वे कहती हैं कि पैसा कभी पढ़ाई में रूकावट नहीं आयेगा।

## इमझिरा में बनी झांकी बनी जन आकर्षण का केंद्र

**तेंदूखेड़ा** संपूर्ण क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पर्व अपने पूरे शबाब पर है । प्रतिष्ठित ग्राम इमझिरा में लगातार 30 वर्षों से मां भगवती की स्थापना राजहंस दुर्गा उत्सव समिति द्वारा होती आ रही है। प्रतिवर्ष मनमोहक झांकी बनाई गई है जो जनाकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। प्रातकाल से जल ढारने से लेकर देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शनों के लिए पहुंच रही है। रात्रि के समय होने वाली संगीतमय पांच आरतियों में श्रोता श्रद्धालु झूमने मजबूर हो जाते हैं।आरती के बाद सुबह शाम फलाहारी प्रसाद वितरण किया जाता है । तत्पश्चात बाद बाल कलाकारों द्वारा नाटक एवं संगीतमय रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन समिति द्वारा कराया जा रहा है।

### कंकाली मठ पर उमड़ रहा आस्था का सैलाब

शारदीय नवरात्र में जहां श्रद्धालु मौन व्रत रख कर तो कोई 9 दिन निर्जला व्रत रखकर अपनी शक्ति साधना अनुरूप माता की भक्ति में लीन है वहीं क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थान कंकाली मठ पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है ।मंदिर के पुजारी भोलेशंकर कन्हौआ ने बताया कि कंकाली मठ सदैव जन आस्था का केंद्र बना हुआ है। प्रतिवर्ष नवरात्र में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम अनुष्ठान आयोजित होते आ रहे हैं। वरिष्ठ पंडित श्री रामस्वरूप शर्मा द्वारा प्रति दिवस दुर्गा सप्तशती दुर्गा चालीसा



पाठ विधि विधान से पूजन अर्चन कराया जाता है। वही प्रति सोमवार व गुरुवार को विशेष बैठक का आयोजन भी समिति के व्यवस्थापक तेजराम पंडा मन्नूलाल छीपा द्वारा कराया जाता है, जिसमें विभिन्न जिलों के श्रद्धालु बैठक में सम्मिलित होने आते हैं श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। कंकाली मठ पर वर्ष भर श्रद्धालुओं का आना-जाना बना रहता है ।

### माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की चैतन्य मनोहारी झाँकी

तेंदूखेड़ा शरदीय नवरात्रि के दौरान संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।

ब्रह्माकुमारीज की तपोनिष्ठ राजयोगिनी बाल ब्रह्मचारणी ब्रह्माकुमारी बहने स्वयं देवी बनकर रात्रि 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक नगरिया मंदिर प्रांगण तेंदूखेड़ा में बैठती है और बिल्कुल जड़ मूर्ति की तरह प्रतीक होती है। पूर्व संध्या पर झाँकी का शुभारंभ दीप प्रज्वलित ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी व नव दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं। जगत जननी माँ दुर्गा माँ सरस्वती, माँ लक्ष्मी की चैतन्य झाँकी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। यह जीवंत झाँकी हमको यही संदेश दे रही कि नारी अबला नही सबला है।राजयोग साधना से मानव तन एवं मन की स्थिरता की सिद्धि प्राप्त कर लेता है, मन पर नियंत्रण करना सीख जाता है। राजयोग का निःशुल्क अभ्यास संस्थान पर प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक तथा संध्या 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक कराया जाता है।